



गुना। स्कूली बच्चों को दुलार करते हुए सिंधिया।



गुना। सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को निर्देश देते सिंधिया।

# मैं जब बूढ़ा हो जाऊंगा तो मेरी देखभाल करोगे कि नहीं...

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का बच्चों के साथ अनोखा और आत्मीय अंदाज

नवभारत न्यूज

**गुना 17 सित. का। जिले के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक अलग ही और बेहद आत्मीय अंदाज देखने को मिला, जब उन्होंने बच्चों से मुस्कुराते हुए पूछा, मैं जब बूढ़ा हो जाऊंगा तो मेरी देखभाल करोगे कि नहीं?**

दरअसल, सिंधिया बमौरी क्षेत्र में एक कॉलेज और सब स्टेशन का लोकार्पण करने के बाद ग्राम सांगई के शासकीय विद्यालय पहुंचे थे। इस दौरान वे प्राथमिक शाला के छोटे-छोटे बच्चों के बीच पहुंचे और उनके गले में हाथ डालकर बेहद अनौपचारिक व रोचक बातचीत की। बच्चों के साथ इस स्नेहिल पल में उन्होंने उनसे कई प्यारे सवाल पूछे। उन्होंने बच्चों से पूछा कि उन्हें कैसा लग रहा है, वे उन्हें याद रखेंगे या नहीं और कभी दोबारा बुलाएंगे या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने उत्सुकता से यह भी पूछा कि स्कूल में जब नई रसोई बन जाएगी, तब वे उन्हें अपने हाथ का खाना खिलाएंगे या नहीं। केंद्रीय मंत्री के इस मिलनसार और बच्चों जैसे सरल स्वभाव ने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। बच्चों ने भी उनकी बातों का बड़े ही मासूमियत भरे अंदाज में जवाब दिया, जिससे स्कूल परिसर में माहौल बेहद खुशनुमा हो गया।



गुना। रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला।

बमौरी को मिली 9 करोड़ से अधिक विकास कार्यों की सौगात केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान बमौरी वासियों को लगभग 9 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों की सौगात दी। इस कड़ी में उन्होंने बमौरी में नवनिर्मित डिग्री कॉलेज और ग्राम मूड़रा हनुमान में 33/11 केवीए सब-स्टेशन का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इन विकास कार्यों को क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपहार बताते हुए सिंधिया ने कहा कि यह डिग्री कॉलेज भविष्य में एक विशाल वटवृक्ष का रूप लेगा, जो पूरे क्षेत्र को शिक्षा की छांव प्रदान करेगा। लोकार्पण के साथ ही बमौरी कॉलेज में पठन-पाठन की शुरूआत भी हो गई है, जहां फिलहाल बीए के 5 विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। खास बात यह है कि इस नए कॉलेज में निशा, पूजा और राधिका सहित चार बेटियां यहां की पहली छात्रा बनने का गौरव प्राप्त कर चुकी हैं। इस सौगात के मिलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर शिक्षा के नए द्वार खुले हैं।

### मेगा रक्तदान शिविर और सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जिला अस्पताल गुना में एक भव्य मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सिंधिया ने शिविर में मौजूद रक्तदाताओं से आत्मीय मुलाकात की और मानव सेवा के इस महान कार्य के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि 'सेवा ही संकल्प है और सेवा ही समर्पण है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि रक्तदान केवल एक सामान्य सामाजिक दायित्व भर नहीं है, बल्कि यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का एक जीवंत माध्यम है। रक्तदान करने वाले प्रत्येक नागरिक का यह प्रयास किसी दुखी परिवार के लिए एक नई आशा और जीवन की नई उम्मीद साबित हो सकता है। मंत्री सिंधिया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाना उनके अद्वितीय सेवा भाव को जन-जन तक पहुँचाने का बेहतरीन जरिया है।

### कलेक्टर से बोले-किसानों के नाम और मोबाइल नंबर नोट करिए

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के चार दिवसीय दौरे के दौरान गुना के सर्किट हाउस में जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पगारा और आसपास के गांवों से आए किसानों ने खाद संकट की पोल खोल दी। किसानों ने शिकायत की कि ऑनलाइन साइट हैक हो रही है और टोकन पहले ही बुक बता दिए जाते हैं, जिससे उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। इस बीच, एक किसान का दर्द झलका और उसने तंज कसते हुए कहा, महाराज, जिंदगी माला पहनते-पहनते बीत गई, लेकिन आज तक समय पर खाद नहीं मिल पाया! किसान की इस दो टूक बात ने वहां मौजूद अधिकारियों को चौंका दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिंधिया तुरंत एक्शन में आए। उन्होंने मौके पर मौजूद कलेक्टर की तरफ देखते हुए कहा, इन किसानों के नाम और मोबाइल नंबर नोट करिए। जब कलेक्टर ने सहजता से 'ठीक है' कहा, तो केंद्रीय मंत्री ने कड़े तेवर दिखाते हुए दो टूक निर्देश दिए, सिर्फ 'ठीक है' नहीं, पेन और पैड निकालिए और नोट करिए। आप मेरे साथ ड्यूटी पर हैं। मैं हर एक बात और व्यवस्था को खुद मॉनिटर करता हूं, तो आपको भी करना होगा। मंत्री की सख्ती के बाद कलेक्टर ने तुरंत पेन-पैड मंगवाया और किसानों के नाम-नंबर दर्ज किए।

## गुना में सौंदर्यीकृत प्रधान डाकघर का लोकार्पण

गुना में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान वाले प्रधान डाकघर के नवीनीकृत और सौंदयीर्कृत स्वरूप का लोकार्पण केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया गया। अधीक्षक डाकघर ओपी चतुवेर्दी ने बताया कि भारत सरकार के आधुनिकीकरण अभियान के तहत स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के डिजाइनों के अनुरूप इस भवन का कायाकल्प लगभग 38 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। इस अवसर पर सिंधिया ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह नया स्वरूप गुना और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को अधिक सुविधाजनक, सुगम और बेहतर वातावरण में डाक एवं वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने डाक सेवाओं के डिजिटलीकरण पर जोर देते हुए बताया कि 'डाक सेवा' और 'डाक मित्र' ऐप के जरिए अब नागरिकों को घर बैठे विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रक्रिया तेज और नागरिक-केंद्रित हो गई है। कार्यक्रम में बीजेपी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर, डीडीजी एस्टेट निर्मल सिंह, निदेशक डाक सेवाएं आर एस रघुवंशी, सहायक पोस्ट मास्टर जनरल एस के पांडे व नरेंद्र सविता, मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह किरार सहित डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## बरखेड़ागिर्द में नमो ड्रोन दीदी किरण अहिरवार से करेंगे संवाद, देखेंगे ड्रोन का लाइव संचालन

**गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने गुना जिले के दौरे के तहत 18 सितंबर को ग्राम बरखेड़ागिर्द पहुंचेंगे, जहां वे नमो ड्रोन दीदी किरण अहिरवार से विशेष संवाद करेंगे और उनके द्वारा ड्रोन उड़ाने के लाइव संचालन का अवलोकन करेंगे।

किरण अहिरवार मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पगारा के वंश स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। वह समूह के माध्यम से विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित कर 'लखपति दीदी' बनने का गौरव हासिल कर चुकी हैं। भारत सरकार की प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र योजना के तहत कृषि कल्याण, उर्वरक एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहयोग से उन्हें निःशुल्क नमो ड्रोन प्रदान किया गया है। ड्रोन संचालन में उन्हें दक्ष बनाने के लिए भोपाल और इंदौर स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में 10 दिनों का विशेष और निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया गया है। केंद्रीय मंत्री के इस दौरे को लेकर ग्रामीण महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## जमीन विवाद को लेकर 50 वर्षीय व्यक्ति की हत्या



**गुना।** जिले के म्याना थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में 15 बीघा पट्टे की जमीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद ने बुधवार रात खूनी संघर्ष में बदल गया। जेल से छूटकर आए कुछ आरोपियों और उनके परिवार के 10-12 लोगों ने पीड़ित परिवार के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए 50 वर्षीय माखन अहिरवार को धक्का देकर जमीन पर पटक दिया गया, जिनकी डायल-112 से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं, 18 वर्षीय गुलशन अहिरवार के सिर में गंभीर लाठी लगने से वह बुरी तरह घायल हो गया है। परिजनों के अनुसार, पिछले दो महीनों से दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। आरोपी पक्ष ने पट्टे की जमीन पर कब्जा कर रखा है और खेत पर जाने वाले रास्ते को भी खराब कर दिया था। इसी रास्ते के विवाद को लेकर पीड़ित परिवार ने पहले एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद आरोपी जेल चले गए थे। हाल ही में जेल से छूटकर लौटने के बाद आरोपियों ने रंजिश के चलते बुधवार रात घर पर हमला बोल दिया। इस हिंसक हमले में हमलावरों में महिलाएं भी शामिल थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने गुरुवार को मृतक माखन अहिरवार के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## सड़क पर अचानक आई गाय, दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए फरिश्ता बनी डायल-112 सेवा

**गुना।** जिले के जामनेर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक व्यक्ति के लिए डायल-112 सेवा जीवनदायिनी साबित हुई है। मोटरसाइकिल के सामने अचानक गाय आ जाने से यह हादसा हुआ, जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाया। घटना 16 सितंबर 2026 की है, जब भोपाल स्थित राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि जामनेर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया है और उसे तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे एफआरव्ही स्टाफ (आरक्षक पंजाब गुर्जर और पायलट अर्जुन सिंह किरार) ने स्थिति का जायजा लिया और पाया कि बाइक के सामने अचानक मवेशी (गाय) आ जाने के कारण चालक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। बिना किसी विलंब के मानवता का परिचय देते हुए जवानों ने घायल को तुरंत अपनी एफआरव्ही गाड़ी से जामनेर के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। डायल-112 के इन कर्मचारियों की त्वरित सूझबूझ और मानवीय दृष्टिकोण के कारण समय रहते घायल व्यक्ति को उचित चिकित्सीय सहायता मिल सकी, जिसकी क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।



## 60 लीटर अवैध शराब के साथ पारदी आरोपी गिरफ्तार

**गुना। पुलिस द्वारा जिले में अवैध और अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में केंट थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने की फिराक में घूम रहे एक पारदी बदमाश को धर दबोचा है।**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिंगवासा तालाब के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की कैनों में अवैध कच्ची शराब लेकर बेचने के लिए खड़ा है। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित पारदी बताया। उसके कब्जे से दो कैनों में भरी कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जिसे जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में वर्ष 2021 का आबकारी एक्ट का एक अन्य मामला भी दर्ज था, जिसमें वह लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध स्थाई वारंट भी जारी किया गया था, जिस पर पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी है।

### रेंजर पर कर्मचारी के साथ मारपीट का आरोप

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ वन विभाग के विकास दल में कार्यरत कर्मचारी दौलतराम कुशवाह ने रेंजर धर्मेन्द्र शर्मा पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। दौलतराम का आरोप है कि उनका दो महीने का वेतन रुका हुआ था और इसी सिलसिले में जब वे बातचीत करने गए, तो रेंजर ने उन्हें बुलाकर उनके साथ मारपीट की। इस घटना के बाद गुरुवार को मधुसूदनगढ़ थाने में भारी हुजूम लग गया और दोनों पक्षों की ओर से थाने में गहमागहमी बनी रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गोपाल चौबे ने दोनों पक्षों के आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, आरोपी रेंजर धर्मेन्द्र शर्मा ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए अपना पक्ष रखा है। रेंजर का कहना है कि 16 सितंबर की शाम को दौलतराम कुशवाह अपने बेटे के साथ शराब के नशे में दफ्तर पहुंचे थे और वहां मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा में बात कर रहे थे। कर्मचारियों की मदद से पुलिस थाने भेजा गया था, और इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायती आवेदन भी दिया।

## गुना में नो पार्किंग का खेल फेल, बस स्टैण्ड से फजीहत कराकर भागा स्टॉफ

नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर के बस स्टैंड इलाके में नो पार्किंग के नाम पर मनमानी करने वाले टोइंग वैन स्टाफ की उस समय जमकर फजीहत हो गई, जब उनका पाला एक कानून के जानकार और जागरूक वाहन चालक से पड़ गया। मामला तब गरमाया जब टोइंग वैन के कर्मचारियों ने पार्किंग लाइन से बाहर कायदे से खड़ी एक गाड़ी पर धड़ल्ले से पहिए का लॉक जड़ दिया। लेकिन, इस बार उनका दांव उल्टा पड़ गया। गाड़ी मालिक ने चुप बैठने के बजाय तुरंत मोर्चा संभाला और स्टाफ से उनके अधिकृत होने से जुड़े सरकारी दस्तावेज और आईडी कार्ड मांग लिए। यहीं नहीं, जानकार उपभोक्ता ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देते हुए दो टूक समझाया कि इस तरह की कार्रवाई हवा में नहीं की जाती; इसके लिए चालान की रसीद पर सरकारी सील और स्टाफ के पास वैध शासकीय आदेश होना अनिवार्य है। कानून के पन्नों और नियमों का यह पाठ सुनते ही टोइंग वैन के कर्मचारियों के होश उड़ गए। उन्हें समझते देर नहीं लगी कि उन्होंने गलत गाड़ी को निशाना बना लिया है। खुद को घिरता देख और जनता के बीच किरकिरी होता देख, स्टाफ ने तुरंत अपनी गलती मानी, आनन-फानन में गाड़ी से लॉक निकाला और दुम दबाकर मौके सेरफू चक्कर हो गए। इस दिलचस्प वाकये की इलाके में अब खूब चर्चा हो रही है।

### प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज पहुंचेंगे गुना

**गुना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज गुना जिले के दौरे पर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज शाम 07:30 बजे सागर से प्रस्थान कर देर रात्रि गुना पहुंचेंगे। गुना पहुंचने के बाद उनका स्थानीय सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम का कार्यक्रम तय किया गया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की संस्थानों के दूध और मावे की जांच

नवभारत न्यूज

**गुना।** मध्य प्रदेश में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शों पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा गुना जिले में लगातार दूध और दुग्ध पदार्थों की जांच व सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिले की विभिन्न डेयरियों और दूध विक्रेताओं के यहां पहुंचकर रेपिड टेस्ट किट के माध्यम से मौके पर ही दूध की गुणवत्ता परखी। इस दौरान दूध में स्टार्च, सुक्रोज, साल्ट, ग्लूकोज, यूरिया और डिटर्जेंट जैसे हानिकारक केमिकल्स की बारीकी से जांच की गई। अभियान के तहत अधिकारियों ने दुर्गा चौक कैंट स्थित गोस्वामी डेयरी और श्री राधे दूध डेयरी से दूध, पनीर व मावा के सैंपल लिए। इसके अलावा उमरी स्थित कृष्णा दूध डेयरी, हाट रोड स्थित चंदेल दूध डेयरी, पुरानी गल्ला मंडी स्थित शीतल दूध डेयरी प्रोडक्ट्स, श्रीराम कॉलोनी स्थित श्री गोपाल डेयरी और राधा कॉलोनी स्थित आनंद दूध डेयरी से भी दूध, घी, पनीर और मावा के नमूने एकत्र किए गए। जांच के लिए उठाए गए सभी सैंपल राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



**अनूठी पहल** 'हमारे बुजुर्ग हमारे भगवान हैं' शीर्षक से एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई

# अग्रवाल महिला मंडल ने किया बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**गुना।** अग्रवाल समाज की ऐसी वरिष्ठ मातृशक्ति, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन परिवार, संस्कारों और समाज के निर्माण में समर्पित कर दिया, लेकिन आज वृद्धावस्था या अस्वस्थता के कारण सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाती हैं। ऐसी माताओं के सम्मान के लिए अग्रवाल महिला मंडल गुना ने हमारे बुजुर्ग हमारे भगवान हैं शीर्षक से एक अनूठी पहल की शुरूआत की है।



विशेष अभियान के तहत मंडल की सदस्यों ने स्वयं वरिष्ठ माताओं के घर की देहरी तक पहुँचकर उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अभियान की शुरूआत छह वरिष्ठ मातृशक्तियों से की गई है, जिनमें 86 साल की श्रीमती रामकुंवर, 85 साल की श्रीमती सावित्री अग्रवाल, 83 साल की श्रीमती राधा रानी गर्ग, 76 साल की श्रीमती गीता देवी और 86 साल की मनोरमा देवी गोयल और लक्ष्मीबाई जी शामिल हैं। मंडल की महिलाओं ने इन सभी माताओं के घर जाकर उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला और रुद्राक्ष की माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया। यह आयोजन केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दो पीढ़ियों के बीच आत्मीय संवाद का माध्यम भी बना। सदस्यों ने वरिष्ठ माताओं से उनके जीवन के अनुभवों, पुराने रीति-रिवाजों और पारिवारिक परंपराओं पर विस्तृत चर्चा की। मंडल की अध्यक्ष नीलम बिंदल ने कहा कि हमारे बुजुर्ग भगवान के समान हैं और उनके अनुभव हमारी अमूल्य धरोहर हैं। इससे पहले अग्रवाल महिला सोशल ग्रुप द्वारा 37 वरिष्ठ माताओं का सम्मान किया जा चुका है। इस पूरी पहल में सचिव स्वाति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शोभा वैश्य, सह-सचिव हेमा बिंदल, संयोजिका बबीता बोहरे और राधा गोयल समेत अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।